<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2174

01 जनवरी, 2018 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के क्वार्टर

2174. डॉ॰ बंशीलाल महतोः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र (वीएसपी) में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों और कर्मचारी क्वार्टर/आवासीय इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या कई कर्मचारियों को कर्मचारी क्वार्टर आवंटित नहीं किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बाहरी व्यक्तियों ने कर्मचारी क्वार्टर और बीएसपी के अधिकारियों के आवासों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): दिनांक 01.12.2017 की स्थितिनुसार, बीएसपी में सेवारत् कार्यपालकों और गैर-कार्यपालकों की संख्या क्रमशः 3060 और 19766 है तथा बीएसपी में अधिकारी क्वार्टर और स्टॉफ क्वार्टर क्रमशः 3145 और 30435 उपलब्ध हैं। बीएसपी में क्वार्टर का आवंटन ऑनलाइन है, स्वभावतः डायनेमिक है और आवंटन नीति के अनुसार कर्मचारियों के अनुरोध, वरिष्ठता, उनकी हकदारी इत्यादि पर आधारित है।

(ग) और (घ): कुछ क्वार्टर, जो एक कमरे वाले हैं, अनाधिकृत रूप से कब्जे में हैं तथा भिलाई इस्पात संयंत्र, जोकि सेल की एक यूनिट है, इन्हें खाली कराने के लिए राज्य-प्रशासन की सहायता से निरंतर प्रयास करता है।

*****